MR. CHAIRMAN: Now, Shrimati Chhaya Verma.

Demand to extend benefits of OBCs to the women after their inter- State marriage

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़): किसी भी राज्य की एक लड़की किसी अन्य राज्य के उसी जाति के लड़के से विवाह करती है और वह जाति दोनों राज्यों में ओ.बी.सी. वर्ग में आती है, तो उसके बावजूद भी यदि वह लड़की शादी के पश्चात? अपने पति के राज्य में राज्य सरकार की किसी सरकारी नौकरी में ओ.बी.सी. वर्ग के तहत आवेदन करती है, तो उसे ओ.बी.सी. वर्ग का लाभ नहीं मिलता। मान लीजिए हरियाणा की कोई लड़की दिल्ली के उसी जाति के किसी लड़के से शादी करती है और उस जाति को दोनों राज्यों में ओ.बी.सी. वर्ग में मान्यता प्राप्त है, उसके पश्चात् भी उसे दिल्ली सरकार की नौकरियों में उस वर्ग का लाभ नहीं मिलता। इसका तात्पर्य यह भी है कि उस महिला को, जो कि सारी उम्र अपने ससुराल में गुजारने वाली है, जीवन-पर्यन्त उस वर्ग में सरकारी नौकरी से वंचित रहना पड़ेगा। साथ ही, शादी के पश्चात् किसी भी महिला की आर्थिक स्थिति उसके पति की आर्थिक स्थिति पर निर्भर है, लेकिन ओ.बी.सी. प्रमाण-पत्र के लिए उसका सत्यापन उसके मायके में पिता की आय से किया जाता है, जो कि एकदम अनुचित एवं निराधार है। अतः केन्द्र सरकार से निवेदन है कि इस प्रकार के विसंगतिपूर्ण नियमों में परिवर्तन किया जाए तथा उन समस्त महिलाओं को ओ.बी.सी. में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए जहां उन्हें बाकी का जीवन बसर करना है, घन्यवाद।

STATUTORY RESOLUTIONS – *Contd.*

Cessation of all Clauses of Article 370 except Clause (1)

The Jammu and Kashmir Re-organisation Bill, 2019

AND

GOVERNMENT BILLS — *(Contd.)*

The Jammu and Kashmir Re-organisation Bill, 2019

The Jammu and Kashmir Reservation (Second Amendment) Bill, 2019

श्री सभापति: अभी माननीय गृह मंत्री जी।

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, I have a point of order under Rule 258. From 11 a.m. this morning, we have been seeing procedural hara-kiri; we have been witness to constitutional immorality. This is happening.

MR. CHAIRMAN: What is the point of order?

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, it is under Rule 258. Sir, on behalf of Trinamool Congress, we cannot see this constitutional immorality and *hara-kiri* of procedures any more. Our MPs themselves are now stuck midway because of a certain thing. Sir, on these two important grounds, in anguish, we walk out.

(At this stage some hon. Members left the Chamber)

MR. CHAIRMAN: To whom should I express my anguish about Members coming and squatting here? I can only talk out; I cannot walk out. Now, the hon. Home Minister.

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): सभापति महोदय, मैं आज इस सम्माननीय सदन के सामने एक ऐतिहासिक संकल्प और बिल लेकर उपस्थित हुआ हूं। महोदय, मैं जो दो संकल्प और बिल लाया हूं, उसमें कई सारे सदस्यों ने कुछ शंकाएं व्यक्त की हैं, कुछ अपने विचार रखे हैं, कुछ genuine concern भी सदन के पटल पर रखे हैं और कुछ ने अपनी पार्टी की विचारधारा की लाइन को भी रखने का प्रयास किया है। मगर, मैं सदन के सामने स्पष्ट करना चाहता हूं कि as a legislator मैं जब दोनों संकल्प और बिल लेकर आया हूं, तो मैं मानता हूं कि जम्मू-कश्मीर में एक लंबे रक्तपात भरे युग का अंत, धारा 370 के समाप्त होने से होने जा रहा है।

सभापति महोदय, मैं इसके विषय पर जाने से पहले आज हमारे प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष और जिन्होंने धारा 370 को हटाने के लिए शहादत दी, मैं डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी को जरूर याद करना चाहूंगा। महोदय, मैं उन 41,849 लोगों को भी याद करना चाहता हूं, जो कश्मीर के अंदर वर्ष 1989 से लेकर वर्ष 2018 तक जो रक्तपात चला, उसकी भेंट चढ़ गए। कुछ सदस्यों ने कहा है कि इसका हिसाब कौन देगा? अंतत: क्या होगा? मैं पूछना चाहता हूं कि ये 41,849 लोग घाटी के और कश्मीर के मरे, इसका हिसाब किसको देना है? मुझे बहुत स्पष्ट है कि 41,849 लोगों की जान नहीं जाती, अगर धारा 370 न होती। पूरे सदन ने अलग-अलग प्रकार से अपने विचार रखे और धारा 370 और 35(A) पर बहुत सारी बातें कहीं, मगर ज्यादातर बातें technicality पर कहीं। धारा 370 की उपयोगिता के लिए शायद किसी ने कुछ नहीं बोला। किसी ने कहा कि इतिहास का हिस्सा है, भारत का वादा था, हमारा कमिटमेंट था, वगैरह. ..वगैरह। मगर धारा 370 से भारत और विशेषकर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और विशेषकर घाटी को क्या प्राप्त होने वाला है, वह किसी ने भी नहीं बताया है। मगर, मैं सबसे पहले... मैं सब चीज़ों को डील करूंगा, परंतु सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि धारा 370 ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और घाटी के लोगों का कितना नुकसान किया है। मान्यवर, धारा 370 के रहते, मैं आपको बताना चाहता हूं कि 35(A) और धारा 370 के जाने से क्या हो जाएगा? मान्यवर, मैं उदाहरण देकर बताना चाहता हूं। देश का विभाजन हुआ, पाकिस्तान की रचना हुई, देश भर में पाकिस्तान से निराश्रित लोग आए, पाकिस्तान

से शरणार्थी आए - कुछ पंजाब में गए, कुछ गुजरात में गए, कुछ महाराष्ट्र में गए, कुछ जम्मू-कश्मीर में भी गए। मान्यवर, जम्मू-कश्मीर में जो पाकिस्तान के शरणार्थी गए, उन्हें आज तक नागरिकता नहीं मिली, वे वहां councillor भी नहीं बन सकते हैं। क्या यह उनके साथ अन्याय नहीं है? यह अन्याय है या नहीं? मान्यवर , इस देश में क्या हुआ - इस देश को दो प्रधान मंत्री पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों ने दिए - डा. मनमोहन सिंह और श्री इंदर कुमार गुजराल साहब। कोई प्रधान मंत्री तो बन सकता है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में जिसने शरण ली, वह councillor भी नहीं बन सकता है - यह कहां का न्याय है? जो इसके पक्ष में खड़े हुए हैं, उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। यह कहां का न्याय है? यह अन्याय क्यों हो रहा है? मान्यवर, ये कहते हैं कि धारा 370 और 35ए चली जाएगी, तो कयामत आ जाएगी और धारा 370 के कारण ही जम्मू-कश्मीर भारत के साथ जुड़ा। मैं इसके बारे में बाद में बताना चाहता हूं, लेकिन मैं आपके माध्यम से सदन के सभी सदस्यों को, देश को और विशेषकर घाटी की जनता को बताना चाहता हूं कि धारा 370 ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और विशेषकर घाटी का क्या नुकसान किया। मान्यवर, धारा 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में कभी-भी लोकतंत्र percolate नहीं हुआ। धारा 370 और 35ए के कारण भ्रष्टाचार बढ़ा, फला-फूला, पनपा और चरम सीमा पर पहुंचा। धारा 370 और 35ए के कारण ही वहां गरीबी घर कर गयी। आज पूरे देश में विकास दिखायी देता है, लेकिन घाटी के गांवों को देखते हैं तो ह्रदय के अंदर संवेदना आती है, आंख में आंसू आते हैं कि आज़ादी के 70 साल के बाद भी वे क्यों गुरबत में जी रहे हैं, क्यों गरीबी में जी रहे हैं। मान्यवर, वहां पर आरोग्य की भी इतनी सुविधाएं नहीं मिलीं, उसका कारण भी धारा 370 है। वहां पर जो विकास नहीं हुआ, जम्मू-कश्मीर के विकास में बाधक भी धारा 370 है, आज शिक्षा लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के बच्चों को देश भर के शिक्षा संस्थानों में जाना पड़ता है, उसका भी कारण धारा 370 है। मान्यवर, यह धारा 370 महिला विरोधी है, दलित विरोधी है, आदिवासी विरोधी भी है और आतंकवाद की जड़ भी यही धारा 370 है।

मान्यवर, मैं अभी सामने देख रहा हूं, लेकिन मैं सभी चीज़ों का डिटेल्ड जवाब देना चाहता हूं। सबसे पहले मैं लोकतंत्र की बात करूंगा। इस देश के अंदर संविधान का 73वां और 74वां संशोधन आया, देश में लागू हुआ। लेकिन चूंकि धारा 370 थी, इसलिए वह जम्मू-कश्मीर में apply नहीं हुआ। स्वर्गीय प्रधान मंत्री राजीव गांधी उसे लेकर आए थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर में वह apply नहीं हुआ। जब आज़ाद साहब मुख्य मंत्री थे, तब भी नहीं कर पाए - क्यों नहीं कर पाए - क्योंकि वहां धारा 370 थी और वहां consensus नहीं बन पा रहा था। मान्यवर, वहां पर पंचायत और नगरपालिका के चुनाव नहीं होते थे। आज भी वहां पर 73वां और 74वां संशोधन लागू नहीं हुआ है। आज यह सदन इसे पास करेगा, कल लोक सभा पास करेगी और 73वां और 74वां संशोधन automatically जम्मू-कश्मीर में apply हो जाएगा।

मान्यवर, वहां पंचायत के चुनाव नहीं होते थे, नगरपालिका के चुनाव नहीं होते थे। लेजिस्लेटर, लेजिस्लेटर और लेजिस्लेटर सुन रहे हैं - 25 लोगों ने कहा कि लेजिस्लेशन पर क्यों भरोसा

[श्री अमित शाह]

नहीं था - मैं पूछना चाहता हूं कि 40 हज़ार से ज्यादा पंच-सरपंच का अधिकार 70 साल तक ले लिया, इसका जिम्मेदार कौन होगा? इसकी जिम्मेदार धारा 370 है। मान्यवर, राष्ट्रपति शासन आया। राष्ट्रपति शासन में माननीय प्रधान मंत्री जी ने आग्रह किया और जम्मू-कश्मीर के पंचायत एक्ट के तहत वहां चुनाव हुए और आज 40 हज़ार पंच-सरपंच गांव की सेवा-सिद्धी कर रहे हैं, उनके हाथ में 3,500 करोड़ रुपए पहुंच गए हैं। यह अधिकार उन्हें नहीं मिला था, लेकिन कोई नहीं बोलेगा।

वोट बैंक की राजनीति करते हैं। घाटी में क्या सिर्फ मुसलमान रहते हैं? क्या कहना चाहते हैं आप? घाटी में मुसलमान भी रहते हैं, हिन्दू भी रहते हैं, सिख भी रहते हैं, बौद्ध भी रहते हैं, जैन भी रहते हैं। धारा 370 अच्छी है तो सबके लिए अच्छी है और बुरी है तो सबके लिए बुरी है। हम धर्म की राजनीति नहीं करते हैं। मान्यवर, तीन परिवारों के शासन ने जम्मू-कश्मीर में एकाधिकार करके रखा है। जम्मू-कश्मीर के अंदर लोकतंत्र को percolate नहीं होने दिया और आज राष्ट्रपति शासन के अंदर, प्रधान मंत्री जी अगुवाई में वहां पर चुनाव हुए और 40 हजार पंच, सरपंच आज वहां काम कर रहे हैं। चुनाव में खून की एक बूंद भी भूमि पर नहीं गिरी। चुनाव शांतिपूर्ण हुए और 5-5 परसेंट, 7-7 परसेंट वोट लेकर, देश की सबसे बड़ी पंचायत में जो लोग आते हैं, मैं उनको कहना चाहता हूं कि वहां पर 50-50 प्रतिशत voting हुई। यह बात बताती है कि जम्मू-कश्मीर की जनता जम्हूरियत चाहती है, लोकतंत्र चाहती है। अभी भी, मैं कहना चाहता हूं कि एक बार संपर्क बनाइए, राजनीति से ऊपर उठिए, वोट बैंक की राजनीति को किनारे करिए, तो आपको मालूम पड़ेगा कि 370 ने जम्मू-कश्मीर का कितना नुकसान किया है।

मान्यवर, मैंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर की गरीबी के लिए धारा 370 जिम्मेदार है। मैं कुछ आंकड़े देना चाहता हूं। 2004 से 2019 तक 2,77,000 करोड़ रुपया जम्मू-कश्मीर को भारत सरकार की ओर से भेजा गया। यह 2,77,000 करोड़ रुपया नरेन्द्र मोदी पैकेज के अलावा है। मान्यवर, जब हम देखते हैं, तो जमीन पर कुछ नहीं हुआ। मैं इस बात पर बाद में आता हूं कि क्यों कुछ नहीं हुआ। मगर 2011 और 2012 में भारत में प्रति व्यक्ति भारत सरकार ने 3,683 रुपया भेजा था और जम्मू-कश्मीर में प्रति व्यक्ति 14,255 रुपया भेजा गया, मगर वहां विकास नहीं हुआ। क्यों नहीं हुआ? क्योंकि करप्शन को कंट्रोल करने वाली एजेन्सियों को वहां एन्ट्री नहीं है। उन्हें कौन रोकता है? उन्हें धारा 370 रोकती है।

मान्यवर, 2017 से 2018 भारत में प्रति व्यक्ति एवरेज़ 8,227 रुपया भारत सरकार ने भेजा था और जम्मू-कश्मीर में प्रति व्यक्ति खर्च 27,358 रुपया था, मगर यह नीचे तक नहीं जाता है, क्योंकि धारा 370 ने मोनोपॉली बनाई है। वहां का ही व्यक्ति बिज़नेस कर सकता है। चंद लोग जो इन तीन परिवार के साथ जुड़े हैं, उन्होंने सीमेंट की agencies ले लीं, लोहे की agencies

ले लीं। मान्यवर, मैं बताना चाहता हूं कि सीमेंट वहां पर देश के अन्य हिस्सों से 100 रुपया प्रति थैली महंगा है। ऐसा क्यों है? क्योंकि किसी को वहां बिज़नेस करने की परमिशन नहीं है। वहां स्पर्धा ही नहीं होती है। इन तीन परिवारों का आशीर्वाद जिस पर होता है, वही बिज़नेस कर पाता है। मैं पूछना चाहता हूं, जो धारा 370 की वकालत करते हैं कि यह रुपया कहां गया?

जम्मू-कश्मीर बैंक के अंदर auditor गया, administrator रखा, तो मैंने अच्छे-अच्छे के चेहरों पर सर्दियों में पसीना देखा है। यह जो हो-हल्ला हो रहा है, वह जम्मू-कश्मीर के लिए नहीं हो रहा है, वह इसलिए हो रहा है कि वहां पर राष्ट्रपति शासन है और जांच शुरु हुई है, इसलिए हो-हल्ला हो रहा है। मैं समझता हूं कि इसको एक अलग रंग देना चाहते हैं।

मान्यवर, घाटी के व्यक्ति को क्या मिला? देश आजाद हुआ, देश भर में एक एकड़ जमीन की average कीमत 3 हजार रुपये थी। वह देश के कई हिस्सों में 30 लाख हो गई, कई हिस्सों में 10 लाख हो गई और कहीं पर 3 करोड़ हो गई। शहर के आसपास कहीं पर भी जमीन का दाम 10 लाख से कम नहीं है। आज जम्मू-कश्मीर में जमीन का क्या भाव है? जमीन की कीमत 3 हजार से 30 हजार भी नहीं हुई। जिसके पास भूमि है, उसका दाम क्यों नहीं बढ़ा? क्योंकि वहां खरीदार ही नहीं हैं, वहां कोई खरीद ही नहीं सकता है। जब कोई खरीद ही नहीं सकता है, तो भला दाम कहां से बढ़ेगा! मैं पूछना चाहता हूं कि उस व्यक्ति को जिसके पास भूमि है, उसको आप गरीब क्यों रखना चाहते हो? आप उसकी wealth को क्यों नहीं बढ़ाते हो? अभी राम गोपाल जी भी कह रहे थे। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि लखनऊ के आसपास जमीन का कितना भाव हुआ है? कितना रेट हो गया है ? तो राम गोपाल जी, क्या श्रीनगर वाले को अधिकार नहीं है क्या? क्या हमें उसे अधिकार नहीं देना है? उसको क्यों रोक कर रखना है? मान्यवर, वहां जो गरीबी बढ़ी है, इसका मुख्य कारण धारा 370 और 35(A) है। वहां पर अथाह भ्रष्टाचार हुआ है। जो करोड़ों रुपये, हजारों करोड़ रुपया भारत सरकार ने भेजा, वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और वहां पर भ्रष्टाचार को कंट्रोल करने वाला कोई कानून apply नहीं होने दिया, जिसकी वजह धारा 370 है।

मान्यवर, पर्यटन के बारे में बताना चाहूंगा। पूरी दुनिया मानती है कि कश्मीर की घाटी और लद्दाख, जमीन पर स्वर्ग है, मुगल काल से सभी लोग यह मानते हैं। मगर जितना पर्यटन बढ़ना चाहिए था, उतना नहीं बढ़ा। वहां पर बर्फ भी है, तालाब भी हैं, घाटी भी है, वन भी है। वहाँ पर्यटन की अपार और अथाह संभावनाएं भरी पड़ी हैं, मगर वहाँ पर पर्यटन नहीं बढ़ा, क्योंकि कोई भी अच्छा होटल वहाँ भूमि ही नहीं खरीद सकता है। वहाँ भला कौन जाएगा? पर्यटन की संभावनाओं को सीमित करने का काम धारा 370 ने किया है। बड़ी-बड़ी कंपनियाँ वहाँ जाना चाहती हैं, अच्छे-अच्छे होटल लगाना चाहती हैं, बहुत बड़ी ट्रैवल कंपनियाँ वहाँ अपना ऑफिस खोलना चाहती हैं, घाटी के अंदर इनको खोलना चाहती हैं। यदि खुल गई, तो घाटी के लोगों को रोजगार मिलेगा, घाटी के युवाओं को कामकाज मिलेगा, वह टैक्सी चलाएगा, वहाँ नौकरी करेगा, कोई गाइड बनेगा, परंतु वहाँ पर्यटन इसलिए नहीं बढ़ सकता क्योंकि धारा 370 गई बडी कंपनी के कारण कोई बड़ी ट्रैवल एजेंसी वहाँ जा नहीं सकती, कोई बड़ी कंपनी होटल भी नहीं बना सकती है।

[श्री अमित शाह]

महोदय, वहाँ हजरतबल है, शंकराचार्य है, वैष्णो देवी है, अमरनाथ है। वहाँ पर ढेर सारी रिलिजियस टूरिज्म की संभावनाएं भी पड़ी हैं, मगर इन सभी संभावनाओं का ढंग से दोहन नहीं हो पाता, वे एक्सप्लोर नहीं हो पाती, उनका विकास भी नहीं हो पाता। यदि कोई व्यक्ति आज जम्मू और कश्मीर में बड़ी इंडस्ट्री लगाना चाहता है, तो मुझे जरा समझा दें धारा 370 के पक्ष में बोलने वाले, मैं थोड़ी देर ज्यादा बैठूंगा कि वह कैसे लगाएगा? बड़ी इंडस्ट्री नहीं लगेगी, तो बेरोजगारी कैसे रुकेगी? कोई वहाँ जाकर स्मॉल स्केल इंडस्ट्री भी लगाना चाहे, पंजाब से जाकर, हिमाचल प्रदेश से जाकर लगाना चाहे, तो वहाँ 35ए और 370 है, वह वहाँ कैसे लगाएगा? क्यों आप मोनोपॉली में आज भी कश्मीर को जकड़कर रखना रखना चाहते हैं?

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से घाटी के युवाओं से भी कहना चाहता हूं कि ये जो आपको 370 का स्वप्न दिखाते हैं, 370 से घाटी का, उन युवाओं को कोई भला नहीं होने वाला है, केवल कुछ सियासतदारों का भला होने वाला है, कुछ पॉलिटिशियन्स का भला होने वाला है। मैं कहना चाहता हूं कि घाटी को कोई फायदा नहीं हुआ है उसका। कोई मुझे गिना दे कि क्या फायदा है, समझा दे कि क्या फायदा है? हाँ, बिजली मिल जाएगी, चलो 370 चालू रखो, टॉयलेट मिल जाएगा, 370 चालू रखो, रोजगार मिल जाएगा, 370 चालू रखो, तनख्वाह, जो 5 हज़ार मिलती है, वह 15 हज़ार हो जाएगी, 370 चालू रखो।

संस्कृति, भाषा की बात की जाती है! बाकी सारे राज्यों की इतनी सारी रियासतें जुड़ गईं, सबकी संस्कृति, भाषा विलुप्त हुई हैं क्या? क्या विलुप्त हुई हैं भारत में? क्या आज महाराष्ट्र की नहीं बची, गुजरात की संस्कृति नहीं बची? मान्यवर, मैं इस पर बाद में आता हूं।

महोदय, आज वहाँ पर आरोग्य, हेल्थ का भी खस्ता हाल है। क्योंकि जिस प्रकार से देश भर में आबादी बढ़ रही है, उस हिसाब से अकेली सरकारें इस देश की हेल्थ को अप टू दि मार्क नहीं रख सकती हैं। महोदय, कई जगहों पर पीपीपी मॉडल को स्वीकार किया गया है, कई जगहों पर प्राइवेट हॉस्पिटल्स को लाया गया है, मगर यहाँ न पीपीपी मॉडल हो सकते हैं, न प्राइवेट हॉस्पिटल्स हो सकते हैं। अगर किसी के प्रभाव से चले जाएं, तो चले जाएं, मगर जब संपत्ति ही अपने नाम पर नहीं होती है, तो कोई कैसे जाएगा? क्या तर्क है इसके पीछे? आरोग्य को भी सुधरने नहीं देंगे हम। आज प्रधान मंत्री आयुष्मान् भारत योजना आ गई है, मगर अस्पताल कहाँ हैं? पाँच लाख रुपये उपयोग करने का अधिकार मिल गया है, लेकिन नर्स कहाँ है, डॉक्टर कहाँ हैं? वहाँ 35 ए है, कौन डॉक्टर वहाँ जाएगा? उसके बच्चे को न वहाँ मताधिकार प्राप्त है, न वह अपना मकान खरीद सकता है, न अपनी भूमि खरीद सकता है और न ही ढंग से वहाँ रहकर अपना मतदान का अधिकार प्राप्त कर सकता है। विश्व का कौन-सा बड़ा डॉक्टर वहाँ जाकर रहेगा, मुझे जरा धारा 370 की वक़ालत करने वाले बताएं? मुंबई से कौन-सा डॉक्टर वहाँ जाकर रहेगा? ओडिशा में ढेर सारे डॉक्टर्स जाते हैं, देश भर के जाते हैं, दुनिया भर के

जाते हैं, गुजरात में दुनिया भर के, देश भर के डॉक्टर्स आते हैं, क्योंकि उनको वहाँ पर घर खरीदने की परमिशन है। वह डॉक्टर वहाँ पर अपने आपको सेफ महसूस करता है। उसको लगता है कि मैं चार पैसे कमाऊंगा, यहाँ इनवेस्ट करूंगा, तो वे सलामत हैं। मान्यवर, वहाँ कोई नहीं जाता, जिसके कारण आरोग्य पर भी जो ढेर सारी कमियाँ दिखती हैं, उसका मूल कारण भी यह 370 ही है।

महोदय, मैं बहुत शॉर्ट में बताऊंगा, वैसे मैं यह आंकड़ों के साथ, बहुत डिटेल में भी बता सकता हूं। मैं कल एक पत्र लिखकर गुलाम नबी आज़ाद साहब को आंकड़े भेजने भी वाला हूं कि आप भी देखिए, जरा पुनर्विचार कीजिए, अभी भी समय है।

मान्यवर, शिक्षा के बारे में कहूं, तो देश भर के 6-14 साल के बच्चों को 2009 में ही शिक्षा का अधिकार मिल गया था। संविधान के अंदर सुधार हुआ, राइट टू एजुकेशन मिला, लेकिन यह आज कश्मीर में नहीं है। मैं आपके माध्यम से उनसे, जो लोग 370 के लिए बोलते थे, चाहे कपिल सिब्बल साहब हों, चाहे चिदंबरम साहब हों, चाहे गुलाम नबी आज़ाद साहब हों, कहना चाहता हूँ कि क्यों कश्मीर घाटी के बच्चों को शिक्षा का अधिकार नहीं मिलना चाहिए, इसका जवाब 370 के advocates को देना है। उनको वह अधिकार क्यों नहीं मिला? क्योंकि हमने यहाँ संविधान में जो सुधार किए, उनको वहाँ स्वीकृत नहीं किया गया। लेकिन अब कोई जरूरत नहीं है। अगर कल लोक सभा इसको पारित करती है, तो शिक्षा का अधिकार कल रात से जम्मू-कश्मीर के हर बच्चे को मिल जाएगा।

मान्यवर, वहाँ पर private educational institutions नहीं हैं। वे क्यों वहाँ जाएँगे? कौन प्रोफेसर वहाँ पढ़ाने जाएगा? कौन अपना पैसा निवेश करेगा? उसके नाम पर तो सम्पत्ति ही नहीं हो सकती। Appreciation होगा, तो उसको फायदा नहीं मिलेगा। भला कौन वहाँ जाएगा? आप इसको क्यों पकड़ कर रखना चाहते हैं? कारण क्या है, मैं नहीं समझ पाता।

मान्यवर, इस प्रस्ताव के विरोध का कोई कारण हो, तो बताना चाहिए। आप अचानक बिल लेकर आए, हमें मौका नहीं दिया, हमने यह नहीं किया। मैं यह बताना चाहता हूँ कि हम तो राष्ट्र हित का बिल लेकर आए थे, आपने इन्दिरा जी को इलाहाबाद के जजमेंट से बचाने का संवैधानिक सुधार उसी दिन लाकर उसी दिन पारित कर इस देश की democracy को खत्म किया और हमें उपदेश देते हैं! मान्यवर, मैं बताता हूँ कि मैं तो जिस बिल को pilot करके आया हूँ, उस बिल के अन्दर मैं मानता हूँ कि मतभेद हो सकता है। मैं मानता हूँ कि 370 और 35-A हटाने से घाटी का, जम्मू का, लद्दाख का भला होने वाला है और सच्चे अर्थ में जम्मू-कश्मीर 370 और 35-A हटने के बाद भारत का अभिन्न अंग बनने वाला है।

मान्यवर, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने बताया कि Schedule 1 में जम्मू-कश्मीर राज्य है। मैं पूछना चाहता हूँ कि जम्मू-कश्मीर राज्य है, वह तो मैं मानता हूँ, मगर मुझे बताइए कि भारत के दोनों सदन, जो कानून पारित करते हैं, क्या वह जम्मू-कश्मीर में apply होता है? क्या जम्मू-

[श्री अमित शाह]

6.00 P.M.

कश्मीर के नागरिकों को उसका फायदा मिलता है? सरकारें, सरकार चलाने के लिए कानून नहीं बनाती हैं, सरकारें नागरिकों के भले के लिए कानून बनाती हैं। अगर नागरिकों के भले के लिए इस देश की संसद ने, दोनों सदनों ने कोई कानून पारित किया, तो वह वहाँ पहुँचता ही नहीं है।

मान्यवर, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने मुझे कहा, मुझे address करके कहा कि Inter-State शादियाँ होने लगी हैं। अब साहब सुनते ही नहीं हैं। गुलाम नबी आज़ाद साहब, थोड़ा सुन लें। मान्यवर, उन्होंने कहा कि Inter-State शादियाँ हो रही हैं। मुझे बताइए कि जम्मू-कश्मीर की एक बच्ची ने किसी ओडिया भाषी से शादी कर ली, तो क्या उसको और उसके बच्चों को कश्मीर में कोई अधिकार मिलता है क्या? आप खुश हो रहे हैं कि शादियाँ हो रही हैं। ये शादियाँ तो कानून नहीं है, फिर भी हो रही हैं, एक बार खुला कर दो, जम्मू और कश्मीर सच्चे अर्थ में हिन्दुस्तान के साथ घुल-मिल जाएगा। कुछ नहीं होने वाला है। एक mental barrier है, यह वोट बैंक की राजनीति है। खामख्वाह कुछ लोग बोझ लेकर घूमते रहते हैं कि यह हो जाएगा, वह हो जाएगा, मान्यवर, कुछ नहीं होने वाला है।

मान्यवर, वहाँ शिक्षा के अधिकार को ले जाना है, तो भी 370 नहीं चाहिए; महिलाओं के सारे अधिकार के जो कानून बने हैं, अगर महिलाओं को और उनके बच्चों को अधिकार देना है, तो भी 370 नहीं चाहिए। मान्यवर, यह 370 दलित और आदिवासी विरोधी है। मैं पूछना चाहता हूँ कि वहाँ कितने परसेंट OBCs हैं? मान्यवर, मैं आपके माध्यम से राम गोपाल यादव जी से भी पूछना चाहता हूँ, क्योंकि उनकी पार्टी तो OBC की खैरख्वाह पार्टी है, हमेशा बात करती है। राम गोपाल यादव जी, आपको मालूम है कि कश्मीर में OBCs को रिजर्वेशन ही नहीं मिल पाता है।

Tribals को राजनीतिक रिजर्वेशन नहीं मिलता है, दलित को राजनीतिक रिजर्वेशन नहीं मिलता है। इसीलिए आज बहन मायावती जी की पार्टी ने इसका समर्थन किया है, वह इसके पक्ष में वोट डालेगी। मैं मिश्रा जी को सुन रहा था। मान्यवर, हम कब तक इनके साथ अन्याय करेंगे? ये जो tribals हैं, ये सिर्फ हिन्दू नहीं हैं। जो कहते थे वोट बैंक, वोट बैंक, भाई, वे तो गुर्जर हैं, मुस्लिम गुर्जर हैं। उनको भी रिजर्वेशन से वंचित किया गया है। कोई यह तो समझा दे कि प्राप्त क्या होगा? बिल 11.00 बजे लिया, 11.00 बजे चर्चा कर ली।

जब 11.00 बजे बिल लिया, तो कहा गया कि 11.00 बजे चर्चा कर ली। धारा 370 के लिए बिल लाए, तो कहा गया कि आप ऐसे ही बिल बदल देते हो। फिर कहा गया कि यह constitutionally ठीक नहीं है। साहब, मुझे भी मालूम है कि कुछ पार्टियों ने NGOs की brigade बनाकर रखी है और ये इस बिल को चैलेंज करेंगे, यह बात मुझे मालूम है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदस्यों को यह बताना चाहता हूं कि किसी भी legal scrutiny से इस बिल को कुछ नहीं होने वाला है। हर legality इसमें दी गई है।

मान्यवर, जम्मू-कश्मीर के दलित, आदिवासी, ट्राइबल्स, इनके लिए आज तक कहीं कोई व्यवस्था नहीं हो पाई थी। इसका कारण भी धारा 370 ही है।

मान्यवर, अब मैं आतंकवाद पर आता हूं। वहां पर आतंकवाद बढ़ा, जन्मा, पनपा और चरम सीमा पर पहुंचा, लेकिन अब धीरे-धीरे नीचे आ रहा है। हमें आतंकवाद की जड़ में जाना पड़ेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस धारा 370 के भूत ने समय-समय पर वहां अलगाववाद को मानने वाले युवाओं के मन को गुमराह करके एक नाराज़गी की भावना खड़ी की और पाकिस्तान ने उस नाराज़गी की भावना का उपयोग किया। देश के बाकी राज्यों की तुलना में, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कई गुना ज्यादा बढ़ा है। मान्यवर, आज तक आतंकवाद के कारण वहां 41,894 लोग मारे जा चुके हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि वे क्यों मारे गए हैं? आप कह रहे हैं कि हमारी पॉलिसी ठीक नहीं है। चलो, यह एक मत हो सकता है, मगर आपकी पॉलिसी ने क्या किया? किसकी पॉलिसी के कारण 41,894 लोग मारे गए? पॉलिसी किसी ने नहीं बदली। जो पॉलिसी जवाहर लाल जी चालू करके गए थे, वही पॉलिसी आज तक चल रही है। इसका जिम्मेदार कौन है? वहां इतने लोग क्यों मारे गए?

मान्यवर, स्वायत्तता की मांग उठी। तीन युद्ध हारने के बाद 1968 में पाकिस्तान के जनरल ज़िया उल हक़ ने Operation Tupac को स्वीकृति दी, उसके अंदर भी धारा 370 का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्रुप खड़े करिए, जो कश्मीर के युवाओं को गुमराह करें और उन्हें भारत की mainstream से अलग करें और जब तक 370 कलम है, तब तक कश्मीर का युवा भारत के साथ जुड़ नहीं सकता है।

1988 में Operation Tupac की शुरुआत हुई और 1989 से घाटी में आतंकवाद शुरू हो गया। मैं आप सभी से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। जो पाक प्रेरित ग्रुप्स हैं, आतंकवादी हैं, वे तो पूरे देश में आतंकवाद फैलाना चाहते हैं, लेकिन क्यों राजस्थान का युवा गुमराह नहीं होता है और क्यों गुजरात का युवा गुमराह नहीं होता? गुजरात में भी तो पाकिस्तान का बॉर्डर है! क्यों ओडिशा का युवा गुमराह नहीं होता है? क्यों बिहार का युवा गुमराह नहीं होता है? बाकी प्रदेशों के युवा इसलिए गुमराह नहीं होते, क्योंकि वहां धारा 370 नहीं है, वहां कोई अलगाववाद का भूत नहीं है।

मान्यवर, समय-समय पर, जब भी आतंकवाद खत्म होने के कगार पर आता है, कुछ लोग धारा 370 को लेकर वहां के लोगों को भड़काना शुरू कर देते हैं। मैं मानता हूं कि कश्मीर के युवाओं को हुर्रियत, आईएसआई और घुसपैठियों ने गुमराह किया है, यही कारण है कि 1990 से 2018 तक, वहां 41,894 लोगों को अपनी जान से हाथ धोने पड़े हैं। यह आंकड़ा छोटा नहीं है।

[श्री अमित शाह]

फिर कहा गया कि रक्तपात हो जाएगा, ऐसा हो जाएगा, वैसा हो जाएगा, आप ऐसी शुभकामनाएं क्यों देते हैं? हम एक नया प्रयोग कर रहे हैं, ऐसे में आपको तो कहना चाहिए कि चलो, सब अच्छे से हो, शांति से हो। जो आप कह रहे हैं, उससे घाटी में क्या संदेश जाएगा? आप यहां खड़े होकर यह कह रहे हैं कि रक्तपात हो जाएगा, क्या ऐसा कहना उचित है? क्या यह सदन और हम वहां रक्तपात कराना चाहते हैं? इस सदन के माध्यम से हम घाटी में क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या हम उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं कि आप 18वीं सदी की व्यवस्थाओं में जीते रहो? क्या वहां के लोगों को 21वीं सदी की व्यवस्थाओं के अंदर जीने का अधिकार नहीं है?

साहब, मैं बताना चाहूंगा कि ये जो लोग उकसाते हैं, उन सबके बेटे-बेटियां लंदन और अमरीका के अंदर पढ़ाई करते हैं। ज़रा वे भी वहीं रहकर वहां के स्कूल के अंदर पढ़ें, ज़रा वे भी वहां के कॉलेज के अंदर पढ़ें, तब उन्हें मालूम पड़ेगा कि धारा 370 क्या है। धारा 370 के जितने भी एडवोकेट्स हैं, ज़रा आप उनसे पूछिए कि उन सबके बेटे-बेटियां कहां पढ़ते हैं? उन्होंने तो अपने सब काम अच्छे से कर लिए हैं, इसलिए उनको इसकी चिंता नहीं है। घाटी के युवा को आज भी अनपढ़ रखने के लिए, उनका विकास न होने देने के लिए यह धारा 370 एक बहुत बड़ी बाधा है।

मान्यवर, मैं स्पष्टता से मानता हूं कि जब तक धारा 370 और धारा 35ए हैं, कश्मीर के अंदर से आतंकवाद की समाप्ति नहीं हो सकती है, नहीं हो सकती है, नहीं हो सकती है। इसलिए कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करने के लिए, धारा 370 का हटना निहायत जरूरी है। मोदी जी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, वे लोग घाटी के युवाओं को अपने गले लगाना चाहते हैं। हम युवाओं को एक अच्छा भविष्य देना चाहते हैं, अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं, स्वास्थ्य की अच्छी सुविधाएँ देना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर में इंडस्ट्री लगेगी, तो उनको रोजगार मिलेगा, वहाँ टूरिस्ट्स जायेंगे, तो उनको रोजगार मिलेगा। हम उनको सम्पन्न बनाना चाहते हैं। बाकी भारत के अन्दर जिस प्रकार से विकास हुआ है, उसी तरह से कश्मीर के अन्दर भी विकास हो, इसके लिए धारा 370 का obstacle निकालना जरूरी है।

मान्यवर, मैं आज भी कहना चाहता हूँ कि जवाहर लाल नेहरू जी ने भी कहा था कि चिन्ता मत करो, धारा 370 घिसते-घिसते घिस जायेगी, मगर धारा 370 को इतने जतन से सम्भाल कर रखा कि 70 साल हो गये, मगर वह नहीं घिसी। अब आप मुझे बताइए, यह एक temporary provision है, इसे सब स्वीकार करते हैं, क्या 'temporary' शब्द 70 सालों तक चल सकता है? यह कब जायेगा, कैसे जायेगा? इस temporary provision को कब तक चलाना है? मान्यवर, मेरा तो आग्रह है कि इस प्रकार की बातों को आपको रिकॉर्ड से दूर कर देना चाहिए, इसका संज्ञान लेना चाहिए। सरदार पटेल ने देश के अन्दर 650 से ज्यादा रियासतों को जोड़ कर अखंड भारत बनाने का प्रयास किया और मैं रिकॉर्ड साफ कर दूँ कि जम्मू-कश्मीर को कभी सरदार

पटेल ने डील नहीं किया था। सरदार पटेल ने जूनागढ़ को डील किया था, जो आज भारत में है, without 370 है। उन्होंने हैदराबाद को डील किया था, जो आज भारत में है, without 370 है। जम्मू-कश्मीर को पंडित नेहरू ने डील किया था, वह with 370 है और आज हम भी डील कर रहे हैं। सरदार पटेल के पास यह मसला था ही नहीं। मैं अपने मंत्रालय की फाइल ...**(व्यवधान)**...

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): That is not correct.

विपक्ष के नेता (श्री गुलाम नबी आज़ाद): सर ...**(व्यवधान)** ... जो Constituent Assembly थी, उसमें आयंगर और सरदार पटेल 370 के मामले में बराबर बात करते थे। ...**(व्यवधान)**...

† **قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد)** : سر ...مداخلت)... جو کانسٹی ٹوئنٹ اسمبلی تھی، اس میں آئنگر اور سردار پٹیل 370 کے معاملے میں برابر بات کرتے تھے ...(مداخلت)...

श्री अमित शाह: नहीं, मैं 370 की बात नहीं कर रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... एक मिनट, एक मिनट। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: पाकिस्तान को देने के लिए जो कहा गया, वह विषय...

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं फिर से स्पष्ट कर दूँ। गुलाम नबी आज़ाद जी ध्यान से सुनते नहीं हैं। शायद ये मेरी बात सुन कर rethinking करें। 370 के पक्ष में वोट डालना है, इसलिए ध्यान से वे सुन नहीं रहे हैं।

मान्यवर, मैं आपको बताता हूँ कि मैंने यह नहीं कहा कि Constituent Assembly में किसने क्या कहा। इस मामले को कौन देख रहा था, यह मैंने कहा। इसमें कहीं सरदार पटेल साहब का जिक्र ही नहीं है, दखल भी नहीं था। ...**(व्यवधान)**... मैं आपको बताता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री गुलाम नबी आज़ाद: बिल्कुल दखल था। ...**(व्यवधान)**...

† [جناب غلام نبی آزاد: بالکل دخل تھا ...(مداخلت)...]

श्री अमित शाह: ज़रा भी दखल नहीं था।

श्री गुलाम नबी आज़ाद: क्या बात है! पंडित नेहरू अमेरिका में थे और 370 ...**(व्यवधान)**...

† **جناب غلام نبی آزاد:** کیا بات ہے! پنڈت نہرو امریکہ میں تھے اور 370 ...(مداخلت)...

†Transliteration in Urdu Script.

श्री अमित शाह: मैं 370 की बात नहीं कर रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री गुलाम नबी आज़ाद: 370 डिस्कस होता था। ...**(व्यवधान)**...

†[جناب غلام نبی آزاد: 370 ڈسکس ہوتا تھا۔]

श्री अमित शाह: अभी भी आप नहीं समझ रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री गुलाम नबी आज़ाद: आयंगर, सरदार पटेल और मौलाना आज़ाद 370 के बारे में बात करते थे। ...**(व्यवधान)**...

†**جناب غلام نبی آزاد:** آینگر، سردار پٹیل اور مولانا آزاد 370 کے بارے میں بات کرتے تھے ...(مداخلت)...

श्री सभापति: विषय 370 के बारे में नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

श्री अमित शाह: मैं 370 के बारे में कह ही नहीं रहा हूँ। मैं भारतीय संघ के साथ संधि के बारे में कह रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... इसमें कहीं भी सरदार पटेल नहीं थे।

मान्यवर, मेरा विनम्रता से यह कहना है कि धारा 370 जो है, यह आतंकवाद की जननी है, इसलिए धारा 370 के जाने का समय आ गया है। अगर आज धारा 370 नहीं जाती है, तो आतंकवाद को हम जम्मू-कश्मीर से नाबूद नहीं कर पायेंगे।

मान्यवर, कुछ लोगों ने कहा कि धारा 370 जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ जोड़ती है। अगर spirit से देखा जाये, तो वे ठीक हैं, मगर मैं दो तिथियों का जिक्र करना चाहता हूँ। महाराजा हरि सिंह द्वारा 26 अक्टूबर, 1947 को Instrument of Accession of Jammu-Kashmir में साइन किया गया। वह कब साइन किया गया, 26 अक्टूबर, 1947 को और धारा 370, 1949 में आयी। मान्यवर, भारत के साथ जुड़ाव का धारा 370 से कोई लेना-देना नहीं है। यह भ्रामक प्रचार किया गया है।

मान्यवर, कहते हैं कि धारा 370 नहीं रहेगी, तो जम्मू-कश्मीर भारत से अलग हो जायेगा। मेरी समझ में नहीं आता कि ये कैसे अलग हो जायेगा। मैं घाटी के लोगों से कहना चाहता हूँ कि इस देश में बहुत सारी रियासतें थीं। वे 370 के बगैर, 35ए के बगैर भारत के साथ घुल-मिल गयी हैं, मगर सबने अपनी-अपनी संस्कृति बनाकर रखी हैं। महाराष्ट्र ने अपनी संस्कृति बनाकर रखी है, अपनी भाषा भी सम्भाल कर रखी है, गुजरात ने अपनी संस्कृति बनाकर रखी है, अपनी भाषा भी सम्भाल कर रखी है, तमिलनाडु ने अपनी संस्कृति बनाकर रखी है, अपनी भाषा को भी वे प्रोटेक्ट करते है, तेलुगू राज्यों ने अपनी संस्कृति बनाकर रखी है, अपनी भाषा को भी सम्भाल कर रखी है। धारा 370 कहाँ से और किस प्रकार से आपकी संस्कृति को प्रोटेक्ट करती है,

†Transliteration in Urdu Script.

यही मेरी समझ में नहीं आता है। वह केवल और केवल 3 सियासतदानों के परिवारों को प्रोटेक्ट करता है। वे यह नहीं चाहते हैं कि 370 हट जाए। धारा 370 को पूरे देश में वोट बैंक का मुद्दा बनाया गया था। गुलाम नबी साहब ने कहा कि आज तो बम फूट गया, धारा 370 और 35-ए से संबंधित बिल लाकर हमने बम फोड़ दिया। मुझे मालूम नहीं, 1950 से लगातार मेरी पार्टी के हर घोषणा पत्र में लिखा गया था कि हम धारा 370 को हटाएंगे। इस बार के घोषणा पत्र में भी था, क्योंकि हमारा शुरू से मानना है कि यह धारा जम्मू-कश्मीर के हित में नहीं है; भारत के हित में नहीं है और विशेषकर घाटी के लोगों के हित में तो बिल्कुल नहीं है। इसलिए मैं मानता हूं कि धारा 370 तुरन्त हटनी चाहिए।

मान्यवर, 1964 में जब लोक सभा में इस विषय पर चर्चा हुई थी ,चर्चा में भाग लेते हुए राम मनोहर लोहिया जी ने, आपके माध्यम से मैं राम गोपाल जी को याद दिलाना चाहता हूं, मैं लोहिया जी की बात कर रहा हूं, उन्होंने कहा था कि जब तक धारा 370 है, तब तक भारत और कश्मीर का एकीकरण नहीं हो सकता, एकरूपता नहीं आ सकती। मधु लिमये जी ने, सरजू पाण्डे जी ने, एस.एम. मुकर्जी ने, इन्दर मल्होत्रा जी ने, समनानी जी ने, कश्मीर से आने वाले एक मुस्लिम सांसद, अब्दुल गनी साहब ने, गोपाल दत्त जी ने, श्याम लाल सर्राफ ने और कांग्रेस के 14 संसद सदस्यों ने भी यही कहा, लेकिन उस समय सदन को स्थगित कर दिया गया। उस समय भी यही भ्रम पैदा हुआ था। दूसरे दिन, व्हिप डालकर सदन में कांग्रेस के सदस्य इसके पक्ष में वोट न करें, इसकी व्यवस्था करके, चर्चा हुई, परन्तु उस वक्त देश के गृह मंत्री, गुलजारी लाल नंदा को कहना पड़ा कि बहुत से सदस्यों की भावना है कि अभी उचित समय नहीं आया है। उचित समय आने पर हम इस विषय पर सोच-विचार करके संवैधानिक कदम उठाएंगे।

महोदय, मेरा जन्म 1964 में हुआ था और मेरी आयु के 55 साल चले गए, लेकिन वह उचित समय अब तक नहीं आया। उचित समय तब आया, जब देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी बने। ...**(व्यवधान)**... महोदय, इसमें किसी उचित समय की जरूरत नहीं थी, सिर्फ पॉलिटिकल विल की जरूरत थी। वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर, देश के हित में फैसला करने का जिगर चाहिए था और वह जिगर हमारे प्रधान मंत्री, नरेन्द्र भाई मोदी ने दिखाया। पॉलिटिकल विल के कारण ही आज धारा 370 को सीज़ करने का प्रस्ताव लेकर मैं सदन में उपस्थित हुआ हूं। धारा 370 का इससे पहले बहुत बार उपयोग और दुरुपयोग भी हुआ है। मैं यहां एक छोटा-सा उदाहरण देना चाहता हूं। जब देश में Emergency लगाई गई, इंदिरा जी एक प्रस्ताव लेकर आईं थीं कि सारे विधायक मंडलों और संसद सदस्यों का कार्यकाल 6 साल कर दिया जाए। उस समय जम्मू-कश्मीर असेम्बली ने, धारा 370 होते हुए, उस प्रस्ताव को adopt कर लिया और अपने सदस्यों का कार्यकाल 6 साल कर दिया। बाद में, मोरारजी देसाई देश के प्रधान मंत्री बने। उन्होंने इन फैसलों को पूर्ववत् कर दिया, 6 साल का कार्यकाल फिर से 5 साल कर दिया गया, लेकिन धारा 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में कार्यकाल 5 साल नहीं हुआ। वहां आज भी सदस्यों का कार्यकाल 6 साल ही है। अगर इसी प्रकार आप operate करेंगे, तो मैं मानता हूं कि वह ठीक नहीं होगा।

[श्री अमित शाह]

